ड्रेस/कुर्ती

क्या आपको कभी ड्रेस और कुर्ता के बीच एक तय करने में कठिनाई महसूस हुई है? यह आसान टुटोरिअल आपको एक आकर्षक परिधान बनाना सिखाएगा जो कुर्ती और ड्रेस दोनों होगा!

शुरू करने के लिए हमारी वेबसाइट में से अपनी आवश्यक साइज़ के अनुसार ड्राफ्ट डाउनलोड करें।

एक हिप कर्व स्केल। मेजरिंग टेप। एक मार्किंग पेन, कैंची की एक जोड़ी। कपड़े का एक टुकड़ा, कपड़े की साइज़ आप जो परिधान बना रहे है उस पर निर्भर करेगा, यहाँ हमने एक एक्स्ट्रा स्मॉल साइज़ का कुर्ता बनाने के लिए 45 इंच चौड़ाई x 2 मीटर के कपडे का टुकड़ा लिया है। पिन्स और बायस टेप।



अब हम आपको ड्राफ्ट के कुछ हिस्सों के बारे में संक्षिप्त में बताएंगे। यह टॉप शोल्डर फोल्ड लाइन है। यह नेकलाइन है।

ड्राफ्ट के बीच से गुजरने वाली कर्व्ड यानि घुमावदार रेखा पर ध्यान दें, यह एक साइड सीम है जो आर्महोल से शुरू होकर हिप लाइन तक जाता है। फैब्रिक के टुकड़े पर आगे बढ़ते हुए, एक लगातार टुकड़ा प्राप्त करने के लिए इसे लंबाई भर और चौड़ाई भर फोल्ड करें जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है। जगह पर पिन करें। ड्राफ्ट को शोल्डर के फोल्ड से संरेखित टॉपसाइड पे रखें, जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है। ड्राफ्ट को कपड़े पर पिन करें।

मार्कर पेन से कपड़े के टुकड़े पर ड्राफ्ट को रेखांकित करें। चिह्नित कर्व्स के साथ काट ले। कपडे पर ड्राफ्ट के ऊपर के पॉइंट्स के अनुरूप तीन पॉइंट्स बनाएं।



पिन और ड्राफ्ट निकालें। साइड सीम को आकार देने के लिए हिप कर्व का उपयोग करके तीन बिंदुओं को जोड़े।
दूसरी तरफ समान कर्व बनाने के लिए बिंदुओं के साथ कर्व को पिन करें।

कपड़े को दूसरी तरफ घुमाएं, और सभी किनारों को संरेखित करके ड्राफ्ट को रखे। तीन छेदों पर तीन पॉइंट अंकित करें। हिप कर्व का उपयोग करके पॉइंट्स जोड़े। पिन निकाल लें। और कपड़े को लेंथ वाइस खोल दें गर्दन के दोनों में से किसी एक किनार पर दोनों कर्व्स को पिन करें।

अब, हम गोल किनारों और नेकलाइन को बाइंड करेंगे। हम बाइंडिंग के लिए उषा जेनोम बाइंडिंग फुट का उपयोग करेंगे। फुट के साथ परिचित होने के लिए आप हमारा बाइंडिंग फुट वीडियो देख सकते हैं।

नोर्मल प्रेसर फुट निकाले और बाइंडिंग फुट पर स्नैप करें। स्टीच सिलेक्टर डायल को A स्टिच पर घुमाए और स्टीच लेंथ को ढाई इंच करें। नेकलाइन से शुरुआत करें। हम इस हेतु के लिए बायस टेप का उपयोग करेंगे। अपने बाइंडिंग स्ट्रिप के साथ मैचिंग रंग के धागे का उपयोग करें।



फुट के अंदर बायस टेप डालने में सहायता के लिए किनारों को 45 डिग्री कोण पर काटें। वीडियो में दिखाए अनुसार पट्टी को फुट के खांचे में डालें।

बायस स्ट्रिप को पिन की मदद से अंदर धकेलें और दूसरे सिरे से... इस तरह खींच ले। स्ट्रिप पर कुछ टाँके लगाएँ, ताकि यह पता लगे कि टाँके कहाँ लग रहे हैं।

दूसरे छोर को थोड़ा खींचें और कपड़े की किनारों को फोल्डेड स्ट्रिप के बीच में डालें।

जैसा कि दिखाया गया है, नेकलाइन पर बायस स्ट्रिप को सिले। एक्स्ट्रा बायस स्ट्रिप को काट लें। पहली बायस टेप पर सिलाई जारी रखें और अतिरिक्त टेप काट ले| इसी तरह कपड़े के दोनों किनारों के साथ बायस स्ट्रिप की सिलाई करें।

फुट को नार्मल प्रेसर फुट से बदल ले। कपड़े के रंग से मैच करने के लिए धागे को भी बदलें। बोबिन को बदलने और मशीन को ठीक से थ्रेड करना याद रखें।

अब हम एक के बाद एक, चिह्नित लाइनों के साथ सिलाई करेंगे। सिलाई करते समय किनारों को लॉक करना याद रखें। जैसे आप सिलाई करते जाए वैसे पिन निकालते जाए। देखे कि परिधान के अंदर बाइंडिंग कैसे एक ग्लैमरस डिजाइन तत्व जोड़ता है, और साथ ही इसे एक आकर्षक प्रोफेशनल दिखने वाला फिनिशिंग प्रदान करता है।

क्या बात है, आपने रनवे और फैशन मैगजीन्स को सूट करने वाली एक गॉर्जियस ड्रेस बनाई है। चाहे एक औपचारिक अवसर हो, पार्टी हो, या दोस्तों के साथ बाहर घूमना, यह ड्रेस आपको हर जगह आउटस्टैंडिंग दिखाएगा। अब, आपको बस इसकी पहनना है, इसे कैप्चर करें और अपने इंस्टाग्राम पे चमकाए।